Estd. 1987 Reg. No. 74 / Ajmer / 1988-89, Dated 23/12/1988

# राजस्थान गणित परिषद्

# Rajasthan Ganita Parishad

पंजीकृत प्रधान कार्यालय : गणित विभाग, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर 305001
( NACC द्वारा "A" ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय )

Website : www.rgp.co.in PAN : AABAR2546Q Email : editor@rgp.co.in
Email : rgp@rgp.co.in Email : cmtr@rgp.co.in

## 29 वाँ वार्षिक अधिवेशन ( दिनांक 27-28 अप्रेल, 2018 )

**आयोजक : गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग**

**जोधपुर इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ( J I E T ) , जोधपुर ( राज. )**

## प्रतिवेदन

राजस्थान गणित परिषद् का 29 वाँ एवं "New Advances in Theoretical Computer Science, Algorithms and Mathematical modeling" पर राष्ट्रीय अधिवेशन'' दिनांक 27-28 अप्रेल 2018 को गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में JIET जोधपुर के प्रांगण में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## कार्यकारिणी की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 27 अप्रेल 2018 को प्रात: 8 बजे गणित विभाग, JIET, जोधपुर में पूर्व अध्यक्ष डॉ. डी.सी.गोखरू की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए :

1. कार्यकारिणी की दिनांक 14 फरवरी 2017 को विज्ञान महाविद्यालय, सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के सभागार में अपरान्ह आयोजित बैठक के मिनिट्स की पुष्टि (confirmation of minutes)की गई।
2. महासचिव ने विगत साधारण सभा एवं कार्यकारिणी के निर्णयों की अनुपालना में की गई कार्यवाही (action taken) से अवगत कराया।
3. महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन (Annual Report) 2017 को स्वीकार किया गया।
4. कार्य वाहक कोषाध्यक्ष डॉ. वी.सी.जैन ने 1 अप्रेल 2016 से 31 मार्च 2017 तक के CA द्वारा अंकेक्षित लेखे जोखे (audited accounts) प्रस्तुत किये तथा 1 अप्रेल 2017 से 31 मार्च 2018 तक की आय व्यय के लेखे भी प्रस्तुत किये जिनका अनुमोदन किया गया।
5. अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया कि शोध जर्नल ''**गणित संदेश**'' के विगत लम्बित **अंक 29** (1 तथा 2), **2015** तथा **अंक 30** (1 तथा 2), **2016** उपलब्ध करवा दिए हैं तथा आगामी **अंक 31** ( **2017** ) का कार्य भी प्रगति पर है। संपादक मण्डल तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से शोध पत्र भिजवा कर पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की।
6. सम्पादक मंडल के पुर्नगठन हेतु गणित में शोध की प्रचलित शाखाओं के प्रोफेसर एवं विषय विशेषज्ञों के नाम सुझाने का अनुरोध किया गया। जिसे कार्यकारिणी अंतिम रूप देगी।

7. 25 अप्रेल 2018 तक प्राप्त नये आजीवन सदस्यों के आवेदन पत्रों पर विचार कर सदस्यता स्वीकार की गई।

8. **C.M.T.R. परीक्षा 2017 :**

**8.1.** वर्ष 2017 में विभिन्न स्वर्ण / रजत पदकों एवं C.M.T.R.परीक्षा में प्रथम 25 (in order of merit) स्थान प्राप्तकर्त्ताओं के नामों का अनुमोदन किया गया।

**8.2.** राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसम्बर 2017 को C.M.T.R. परीक्षा 2017 के सफल आयोजन हेतु संयोजक डॉ. आर.पी. शर्मा, एसोसियेट प्रोफेसर, गणित विभाग, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर तथा सह संयोजक श्री निखिल जैन, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग, राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर की प्रशंसा की गई तथा उन्हें ''**राष्ट्रीय गणित दिवस, 22 दिसम्बर, 2018**'' को C.M.T.R. परीक्षा 2018 आयोजित करने हेतु पुन: नियुक्त किया गया।

**8.3.** C.M.T.R. परीक्षा के प्रश्न पत्र निर्माणकर्त्ताओं का टोकन पारिश्रमिक 1500 रूपये किया जाय।

9. **RPSC** द्वारा **RAS** मुख्य परीक्षा के वैकल्पिक विषयों में से गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय को हटाने के निर्णय पर रोष व्यक्त किया गया तथा गणित को यथावत रखने हेतु पुन: पत्र लिखा जाए।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**डॉ. डी.सी.गोखरू, कार्यवाहक अध्यक्ष** **डॉ. आर. पी. शर्मा, महासचिव**

## अधिवेशन उद्घाटन समारोह

दिनांक 27 अप्रेल 2018 को प्रात: 9.30 बजे JIET, जोधपुर के सभागार में दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना, जीत गान एवं अतिथियों को साफा पहनाकर पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत कर अधिवेशन की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

- **मुख्य अतिथि :** प्रो. सी.बी. गुप्ता, BITS, पिलानी
- **अध्यक्षता :** प्रो. के.आर. चौधरी, परिसर निदेशक, JIET, जोधपुर
- **स्वागत भाषण :** प्रो. राजेन्द्र करवा, निदेशक, अकादमिक, JIET, जोधपुर
- **अध्यक्षीय भाषण :** डॉ. डी.सी.गोखरू, अजमेर (पूर्व अध्यक्ष, RGP)
- **वार्षिक प्रतिवेदन :** डॉ. आर. पी. शर्मा, अजमेर (महासचिव, RGP)
- **पदक :** राज्य में गणित की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मान प्रदान करने हेतु वर्ष 2017 की वि.वि. (स्नातक / स्नातकोत्तर) एवं C.M.T.R. परीक्षा में गणित में उच्चतम अंक प्राप्त कर्त्ताओं को स्वर्ण / रजत पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- **विमोचन :** अधिवेशन में पत्र वाचन हेतु प्राप्त शोध पत्रों के सारांश की पुस्तिका का विमोचन किया गया।
- **स्मृति चिन्ह :** मंचासीन सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।
- **धन्यवाद :** प्रो. आरिफ एम. खान, गणित विभागाध्यक्ष, JIET, जोधपुर

## व्याख्यान / आमंत्रित वार्ताएँ तथा पत्र वाचन आदि -- दिनांक 27-28 अप्रेल 2018 (सभागार)

| | वार्ताकार / पत्र वाचन | Chair Person |
|---|---|---|
| 1. IMS Sponsor Lecture | प्रो. एन.एन. रोघेलिया, अहमदाबाद | डॉ.डी.सी.गोखरू, अजमेर |
| 2. व्याख्यान | प्रो. सी.बी. गुप्ता, पिलानी | प्रो. एन.एन. रोघेलिया, अहमदाबाद |
| 3. आमंत्रित वार्तायें | प्रो. एल. एम. शाह / प्रो. दास, नई दिल्ली | प्रो. सी.बी. गुप्ता, पिलानी |
| | प्रो. ओ.पी.सिखवाल, जयपुर | प्रो. दास, नई दिल्ली |
| 4. शोध पत्र वाचन सत्र - I - II - III - IV | डॉ. एस.डी.पुरोहित, कोटा / डॉ.पी.के.मिश्रा, सीकर | |
| | डॉ.वी.सी.जैन, अजमेर / प्रो. ओ.पी.सिखवाल, जयपुर | |
| 5. शोध पत्र वाचन सत्र - I - II - III - IV | प्रो.रश्मि जैन, जयपुर / डॉ. आर.पी.शर्मा, अजमेर | |
| | प्रो.ममता गर्ग, जोधपुर / डॉ. विपिन कुमार, पिलानी | |

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 28 अप्रेल 2018 को JIET बोर्ड मीटिंग हॉल में अपरान्ह 2.30 बजे कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. डी.सी.गोखरू की अध्यक्षता में तथा डॉ. आर. पी. शर्मा, महासचिव के संयोजन में प्रारम्भ हुई।

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए :

1. परिषद् की विगत वार्षिक साधारण सभा दिनांक 14 फरवरी 2017 को विज्ञान महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के सभागार में सम्पन्न हुई बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. दिनांक 14 फरवरी 2017 तथा 27 अप्रेल 2018 की कार्यकारिणी में लिये गये निर्णयों / सुझावों का अनुमोदन किया गया।
3. महा सचिव ने वर्ष 2017 में हुई कार्यकारिणी की बैठक में तथा विगत साधारण सभा के निर्णयों की अनुपालना में की गई कार्यवाही (action taken) से अवगत करवाया। इस क्रम में गणित संदेश को आनलाईन करने के संबंध में गठित समिति की अनुशंसानुसार वि.वि./महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को गणित संदेश की प्रतियाँ भिजवाने हेतु कुछ प्रतियाँ छपवाई गई तथा सम्पूर्ण जर्नल अंक 29 तथा 30 की pdf फाईल बनाकर सभी आजीवन सदस्यों को उनके उपलब्ध ईमेल पर भेजी जा चुकी है।
4. महा सचिव द्वारा वर्ष 2017 का प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन स्वीकार किया गया।
5. कार्य वाहक कोषाध्यक्ष डॉ. वी.सी. जैन ने 1 अप्रेल 2016 से 31 मार्च 2017 तक के CA द्वारा अंकेक्षित लेखे जोखे प्रस्तुत किये तथा 1 अप्रेल 2017 से 31 मार्च 2018 तक की आय व्यय के लेखे भी प्रस्तुत किये जिनका अनुमोदन किया गया।
6. अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत कराया कि शोध जर्नल ***गणित संदेश*** के पूर्व लम्बित **अंक 29** (1 तथा 2) **2015 तथा 30** (1 तथा 2) **2016** आजीवन सदस्यों को ईमेल द्वारा उपलब्ध करवा दिये गये है तथा **अंक 31 ( 2017 )** का कार्य प्रगति पर है जिसकी सदन ने प्रशंसा की। संपादक मण्डल तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से शोध पत्र भिजवाकर पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की।
7. परिषद् द्वारा वर्ष 2017 में किये गये कार्यों के बारे में अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि :
   - 7.1. सरकार के ***''बेटी पढ़ाओ''***अभियान को सफल बनाने हेतु संभागीय स्नातक महिला महाविद्यालयों में गणित विषय की स्नातकोत्तर (PG) कक्षायें प्रारम्भ करने हेतु राज्य सरकार को काफी समय से निरन्तर निवेदन किया जा रहा है।
   - 7.2. राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा RAS की मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषय की सूची से गणित विषय को हटाने के निर्णय पर रोष प्रकट किया तथा पुन: राज्य सरकार को गणित विषय को यथावत रखने हेतु लिखा जाये।
   - 7.3. कॉलेज शिक्षा आयुक्त तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रमुख सचिव को **''राष्ट्रीय गणित दिवस'' ( 22 दिसम्बर )** को C.M.T.R. परीक्षा के आयोजन हेतु राज्य के सभी महाविद्यालयों को अकादमिक सहयोग प्रदान करवाने हेतु निर्देशित करने का निवेदन किया जाये।
   - 7.4. कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य से अपेक्षा की जाती है कि वे कम से कम अपने महाविद्यालय में C.M.T.R. की परीक्षा का आयोजन कर अकादमिक गतिविधियों में सहयोग प्रदान करें एवं गणित संदेश को संस्थान पुस्तकालय में क्रय करने का भी अनुमोदन करें।
   - 7.5. विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर एवं पॉलिटेक्निक महा विद्यालयों में गणित विषय के अध्यापन हेतु प्राध्यापकों की कमी की पूर्ति हेतु राज्य सरकार का निरन्तर ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। अभी भी गणित प्राध्यापकों के अनेक पद रिक्त पड़े हैं जिन्हें भरवाने हेतु निरन्तर प्रयास जारी हैं।

7.6. सम्पादक मण्डल के पुर्नगठन हेतु सेवारत तथा सेवानिवृत्त सक्रिय विषय विशेषज्ञों के नाम सुझाने हेतु अनुरोध किया गया।

8. परिषद् का वार्षिक अधिवेशन प्रति वर्ष 31 जनवरी से पूर्व आयोजित करने के पूर्ण प्रयास किये जाए।

9. **नई कार्यकारिणी का गठन :**

JIET, जोधपुर के बोर्ड मीटिंग हॉल में निर्वाचन अधिकारी की देख रेख में राजस्थान गणित परिषद् की कार्यकारिणी हेतु घोषित पदों का निर्वाचन कर नई कार्यकारिणी 2018 का निम्न प्रकार गठन किया गया:

**पदाधिकारी :**
1. अध्यक्ष : प्रो. सी.बी.गुप्ता, BITS, पिलानी
2. उपाध्यक्ष : डॉ.आर.पी. शर्मा, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
3. महासचिव : डॉ. एस.डी.पुरोहित, RTU, कोटा
4. कोषाध्यक्ष : डॉ. वी.सी.जैन, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
5. सम्पादक : डॉ. अनिल गोखरू, SPC राजकीय महाविद्यालय, अजमेर
6. संयुक्त सचिव : डॉ. दिनेश कुमार चौधरी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

**सदस्य गण :**

| ( 3 वर्ष ) | ( 2 वर्ष ) | ( 1 वर्ष ) |
|---|---|---|
| 1. प्रो. ओ.पी.सिखवाल, जयपुर | 1. प्रो. जी.एस. राठौड़, उदयपुर | 1. श्री निखिल जैन, अजमेर |
| 2. डॉ. लक्ष्मी पूनिया, जयपुर | 2. डॉ. ए.के. मलिक, पिलानी | 2. डॉ. विपिन कुमार, पिलानी |
| 3. श्री विद्याधर शर्मा, नवलगढ़ | 3. श्री के.पी.मीणा, सरदारशहर | 3. श्री हेमन्त कुमार, भरतपुर |

**गत अध्यक्ष :** डॉ. के.सी.शर्मा, भरतपुर **गत महा सचिव :** डॉ. आर.पी.शर्मा, अजमेर

**नोट :** *कोषाध्यक्ष हेतु कोई नामांकन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सदन ने डॉ. वी.सी. जैन अजमेर को पुन: आगामी एक वर्ष के लिए कार्यवाहक कोषाध्यक्ष का कार्य सम्पन्न करने हेतु आग्रह किया गया।*

10. नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2018 को पद भार ग्रहण करवाया गया।

इसी के साथ महासचिव ने सभी का धन्यवाद किया तथा अध्यक्ष ने अधिवेशन की समाप्ति की घोषणा की। आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**डॉ. डी.सी.गोखरू, कार्यवाहक अध्यक्ष** **डॉ. आर. पी. शर्मा, महासचिव**

## नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2018 की बैठक दिनांक 28 अप्रेल 2018 को JIET, जोधपुर के बोर्ड मीटिंग हॉल में अपरान्ह 2.30 बजे आयोजित की गई।

जिसमें सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए :

1. कार्यकारिणी की दिनांक 27 अप्रेल 2018 को प्रात: 8.00 बजे गणित विभाग, JIET, जोधपुर में बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2017 में किये गये कार्यो के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।
3. 29 वें वार्षिक अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु JIET, जोधपुर प्रशासन, संयोजक एवं आयोजकों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।
4. कार्यकारिणी में डॉ.डी.सी. गोखरू, अजमेर तथा प्रो. आरिफ एम. खान, JIET, जोधपुर का सहवरण (co-option) किया गया।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**प्रो. सी.बी. गुप्ता, अध्यक्ष**
BITS, पिलानी

**डॉ. एस.डी. पुरोहित, महासचिव**
RTU, कोटा